Rashtriya Hindi Mail, Indore, Sep 05 2012

टीसीएस आईटी विज 2012

सेंट पॉल स्कूल बना चैम्पियन

इंदौर। स्थानीय डीएवीवी यूनिवर्सिटी परिसर खण्डवा रोड स्थित यूनिवर्सिटी ऑडिटोरियम, में मंगलवार को आयोजित भारत की सबसे बडी इंटर स्कूल आईटी क्विज टीसीएस आईटी विज के इंदौर संस्करण के शुभारंभ पर जबरदस्त प्रतिसाद मिला, टाटा कंसलटेंसी द्वारा आयोजित तथा स्थापित टीसीएस विज 2012 में इंदौर के विभिन्न स्कूलों के १००० से अधिक छात्रों ने हिस्सा लेकर इसे सफल बनाया।

प्राथमिक राउण्ड और उसके बाद कुछ कठिन तथा गहन अंतिम राउण्ड में जबरदस्त मुकाबले के बीच सेंट पॉल हायर सेकेंडरी स्कूल के पंकज मनचंदा तथा प्रत्युष समल ने विजेता ट्रॉफी और गैलेक्सी नोट जीता तथा एटोमिक एनर्जी सेन्ट्रल स्कूल के अभिषेक नाइक तथा पलाश अग्रवाल ने उपविजेता के रूप में उपविजेता की ट्रॉफी के साथ गैलेक्सी टेब जीतने में सफलता पायी। इस क्विज को ख्याति प्राप्त क्विज मास्टर 'पिकब्रैन' गिरिबाला सुब्रमणियम ने होस्ट किया था।